Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar to check recurring floods in Bhagalpur Parliamentary Constituency - Laid.

श्री सुबोध राय (भागलपुर): महोदय, बिहार राज्य के भागलपुर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत बड़ुआ, चानन, गेरूआ एवं कोकरा नदियों में प्रतिर्वा बरसात में भीाण बाढ़ के कारण किसानों को, आम जनता को भारी विनाश एवं तबाही का सामना करना पड़ता है। इन नदियों के किनारे सभी तटबंध पुराने और पिछली बाढ़ से काफी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। फलस्वरूप बाढ़ से फसलें, पशु, घर मकान के अलावा बड़ी संख्या में मनुयों को भी अकाल मृत्यु का शिकार होना पड़ता है। पिछले र्वा में आयी बाढ़ में लगभग एक सौ करोड़ रूपये से भी अधिक की क्षति हुयी है। यदि उक्त नदियों की गाद निकाल कर उन्हें गहरा कर दिया जाये तो एक हद तक बाढ़ की ि वनाशलीला को रोका जा सकता है।

अतएव मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्या के निदान हेतु बिहार सरकार को पर्याप्त राशि मुहैया करायी जाये, जिससे इस पूरे क्षेत्र को बाढ़ मुक्त बनाया जा सके।